प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में चौथे और पांचवें चरण के लिये चुनाव प्रचार तेजः भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गृहमंत्री अमित शाह ने खीरी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरदोई में की जनसभा।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय वाराणसी दौरा 13 और 14 मई को प्रस्तावित : नामांकन से पहले करेंगे रोड शो।
3. छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि कल : सातवें चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी।

और

4. बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया।

———————

लोकसभा चुनाव के लिये प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज लखीमपुर खीरी, हरदोई

और कन्नौज में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा का संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की बात कहकर नरेन्द्र मोदी को बदनाम कर रही हैं। उन्होंने अपील की कि वे भाजपा को वोट दें क्योंकि यह चुनाव न सिर्फ नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है, बल्कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने के लिए भी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर, एटा और शाहजहांपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कीं। श्री योगी ने कहा कि तीन चरणों के मतदान से मिले रुझानों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की सरकार बन रही है और विपक्ष चारों खाने चित्त हो गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इतना आहत है कि भारत विरोधी हरकतें करने लगा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज रायबरेली में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने रायबरेलो के बछरावां इलाके में प्रचार किया और छोटी–छोटी जनसभाएं कीं।

कांग्रेस महासचिव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। प्रियंका गांधी ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मनरेगा कर्मियों की मजदूरी दोगुनी कर दी जाएगी।

समाजवादी पार्टी प्रम्ख अखिलेश यादव ने आज शाहजहांपुर, फर्रूखाबाद और हरदोई में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा झूठे वादे करती है। सरकार ने उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। सपा प्रमुख ने वादा किया कि अगर उनकी सरकार आयी तो किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। उन्होंने सपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव आने वाले पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है।

बसपा प्रमुख मायावती ने आज हरदोई में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी बिना किसी सहयोग के इस चुनाव में जीत हासिल करेगी।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की वाराणसी संसदीय सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार बतौर प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री का दो दिवसीय दौरा 13 मई और 14 मई को प्रस्तावित है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...

*भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी 13 और 14 मई को वाराणसी दौरा प्रस्तावित है, इस दौर में वह एक*

*रोड–शो के अलावा 14 मई को अपना नामांकन भी दाखिल करेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय प्रवक्ता नवरत्न राठी के अनुसार प्रधानमंत्री 13 मई को दोपहर में वाराणसी आ जायेंगे और शाम को रोड–शो करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार देर शाम लंका से रवींन्द्रपुरी, सोनारपुरा, गोदौलिया होते हुए विश्वनाथ धाम तक उनका रोड–शो होगा। तब पश्चात रात्रि में काशी विश्वनाथ दर्शन करने के बाद अगले दिन 14 मई की सुबह वह बाबा काल भैरव का दर्शन करने के बाद वह नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान घटक दलों के नेता भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के रोड–शो को देखते हुए घटक दलों के नेताओ को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई है।        मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

——————

**लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर कल सत्तावन दशमलव तीन चार प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सबसे ज्यादा संभल में 62 दशमलव आठ एक प्रतिशत और सबसे कम आगरा में 53 दशमलव नौ नौ प्रतिशत मतदान हुआ।**

——————

**छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की कल अंतिम तिथि है। इस चरण के लिये दाखिल कुल 296 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की कल जांच की गई, जिसमें 152 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कर दिये गये। वहीं बलरामपुर जनपद की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के 9 प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी का नामांकन रद्द किया गया है।**

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये 25 मई को मतदान होगा।

———————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के दूसरे दिन आज चंदौली संसदीय सीट से बसपा प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मौर्या, बलिया सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा और कुशीनगर सीट से अपना दल यूनाइटेड के अमीरुद्दीन ने अपना पर्चा दाखिल किया।

वाराणसी सीट से अपना दल कमेरावादी से गगन प्रकाश और राष्ट्रीय समाजवादी जन क्रांति पार्टी से पारस नाथ केशरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा गोरखपुर मे दो, मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने आज नामांकन जमा किया।

इस चरण के लिए 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकगे। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर,

और राबट्र्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव के चाथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, यहां 13 मई को चुनाव होना है। इसमें खीरी की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। खीरी लोकसभा सीट से लगातार दो बार से सांसद अजय कुमार मिश्र को भाजपा ने तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडी गठबंधन ने पूर्व सदर विधायक समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष वर्मा और बसपा से अमरोहा के रहने वाले अंशय कालरा चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा आठ अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एक रिपोर्ट..........

*खीरी लोकसभा क्षेत्र में जनपद की पांच विधानसभाएं पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर और 142 लखीमपुर आती हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 18 लाख 62 हजार 469 मतदाता है। पहले आम चुनाव से अब तक सबसे ज्यादा नौ बार कांग्रेस, चार बार भाजपा, तीन बार सपा और एक–एक बार जनता पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी ने इस सीट पर जीत दर्ज की है। इस बार अजय कुमार मिश्र लगातार तीसरी बार भाजपा से चुनावी मैदान में उतरने से यह सीट अहम मानी जा रही है। इस बार अजय मिश्र के सामने गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष वर्मा और बसपा के अंशय कालरा मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में अधिक तेजी से प्रचार शुरू कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य जनसभाएं कर चुके हैं। वहीं सपा के अखिलेश यादव बसपा की प्रमुख मायावती और भाजपा के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी आने वाले दिनों में यहां जनसभाएं प्रस्तावित हैं। श्यामजी अग्निहोत्री, आकाशवाणी समाचार, लखीमपुर खीरी।*

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को राजनीतिक उत्तराधिकारी और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मायावती ने कहा ह कि मैंने पार्टी में अन्य लोगों को आगे बढ़ाने के साथ–साथ आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, लेकिन पार्टी और आंदोलन के व्यापक हित में उन्हें इन दोनों महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से तब तक के लिए अलग किया जा रहा है, जब तक वह पूर्ण परिपक्वता हासिल नहीं कर लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आकाश के पिता आनंद कुमार पार्टी में अपनी

जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे। आकाश को पिछले साल दिसंबर में मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया था।

——————————

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। राज्यपाल के दौरे के मद्देनजर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। रामलला के दर्शन करने के बाद राज्यपाल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय से मुलाकात की। राज्यपाल खान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह जनवरी से अब तक दो बार अयोध्या आ चुके हैं, जो भाव उस समय था, वही भाव आज भी है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए खुशी नहीं, गर्व की बात है।

(समाप्त)